No. of Printed Pages : 6

BSEI-001

ADVANCE CERTIFICATE IN SECURITY MANAGEMENT (ACSM)

Term-End Examination

00462

December, 2012

BSEI-001 : DUTY OF SECURITY PERSONNEL

Time : 3 hours *Maximum Marks : 100*

नोट : ***सभी प्रश्न करने अनिवार्य है।***

1. (a) निम्नलिखित के खाली स्थान भरो : **10x1=10**

   (i) उत्सव के समय __________ के लिये यातायात के संकेतक लगे होने चाहिए।

   (ii) दुर्घटना से बचने के लिए यातायात के __________ का सख्ती से पालन करना चाहिए।

   (iii) मुख्य द्वार कम्पनी की सुरक्षा का __________ है।

   (iv) पहचान पत्रों का आकार __________ का होने चाहिए।

   (v) सुरक्षा कर्मी को ड्यूटी पर __________ मिनट पहले पहुँचना चाहिए।

   (vi) अधिकृत कर्मचारियों को पास के बिना अन्दर या बहार जाने की __________ न दें।

(vii) मिश्रित दीवार / चारदीवारी की ऊँचाई ____________ ऊँची होनी चाहिए।

(viii) टैंकर खाली करते समय पाईप के मुँह पर ____________ लगा होना चाहिए।

(ix) डकैती की व्याख्या धारा ____________ के अन्तर्गत की गई है।

(x) धारा-445 में ____________ की व्याख्या की गई है।

(b) निम्नलिखित पर **सही** या **गलत** (✓ - ×) निशान लगाओ : **10x1=10**

(i) ताले की एक चाबी गुम होने पर, दुसरी चाबी का प्रयोग करेंगे। ( )

(ii) कारखाने में 21 साल के कम उम्र वालो को काम करने की मनाही है। ( )

(iii) धारा-97 के तहत सम्पत्ति की रक्षा का अधिकार मिला हुआ है। ( )

(iv) आगन्तुक (VISITOR) वापस जाते समय गेट पास साथ ले जाता है। ( )

(v) धारा-441 के तहत अपराधिक अतिक्रमण की व्याख्या की गई है। ( )

(vi) वाहन दुर्घटना आपातकालीन स्थिति करार दी जायेंगी। ( )

(vii) बाहर जाने वाला सामान सिर्फ एक प्रकार का होता है। ( )

(viii) बाड़ / चारदिवारी पर लगे एंगल की लम्बाई 3 से 4 फीट होती है। ( )

(ix) निलम्बित और बर्खास्त कर्मचारियों को संस्था या कम्पनी के अन्दर जाने दिया जा सकता है ( )

(x) अन्दर आने वाले सामान को चालान / बिल देख कर अन्दर आने दें। ( )

(c) निम्नलिखित **स्तम्भ 'क'** से **स्तम्भ 'ख'** का मिलान करें : **4x1=4**

	स्तम्भ 'क'		**स्तम्भ 'ख'**
(i)	गहरी चोट	(A)	ईमानदारी, वफादारी
(ii)	अपहरण	(B)	प्रतिक्रिया
(iii)	सुरक्षा का सिद्धान्त	(C)	धारा-320
(iv)	आचार संहिता	(D)	धारा-359

(d) निम्नलिखित में से सही उत्तरों का चयन करें : **4x1=4**

(i) सुरक्षा कर्मी लोगों की पहचान करता है।

(A) चेहरा देखकर

(B) वर्दी देखकर

(C) पहचान पत्र देखकर

(D) उपरोक्त सभी

(ii) सुरक्षा का सिद्धान्त है।

(A) टालना

(B) खर्चीला ना हो

(C) लचीलापन

(D) उपरोक्त सभी

(iii) संवाद्दाता को निम्न श्रेणी में रखा गया है।

(A) कामगार

(B) सरकारी कर्मचारी

(C) आगन्तुक

(D) गणमान्य व्यक्ति

(iv) अवरोध निम्न प्रकार के होते है।

(A) 2

(B) 3

(C) 4

(D) उपरोक्त में कोई नहीं

2. निम्नलिखित में से **किन्हीं सात** पर संक्षिप्त टिप्पणी करो : **7x6=42**

(a) गेट पास कितने प्रकार के होते है तथा गेट पास पैक करते समय ध्यान में रखने वाली बातें लिखो।

(b) किन्हीं दो सुरक्षा के सिद्धान्तों पर संक्षेप में लिखें।

(c) सुरक्षा कर्मी की मुख्य छः ड्यूटियों के नाम लिखे।

(d) सुरक्षा की आचार संहिता की छः बाते लिखें।

(e) कार्यभार को नियन्त्रण में लेने पर संक्षेप में नोट लिखें।

(f) वाहन कितने प्रकार के होते है तथा किस प्रकार में कौनसे वाहन शामिल किये गये है? वर्णन करो।

(g) गहरी चोट की व्याख्या किस धारा में की गई है तथा किस प्रकार की चोटों को गहरी चोट माना जायेगा? लिखें।

(h) एक पहचान पत्र पर क्या-क्या मुद्रित होता है? लिखो।

(i) सुरक्षा लाईटस् कितने प्रकार की होती है। नाम लिखो।

(j) सेंघ लगाने से (HOUSE BREAKING) से आप क्या समझते है। संक्षेप में लिखें।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से **किन्हीं तीन** का उत्तर विस्तारपूर्वक लिखिए : **3x10=30**

(a) मानव शरीर से संबंधित अपराध से आप क्या समझते है? निम्न अपराधों में भारतीय दण्ड संहिता की कौन-कौन सी धाराओं का प्रयोग किया जायेगा।

(i) कत्ल (ii) चोरी

(iii) हमला (iv) बलात्कार

(b) सुरक्षा कर्मी की तैनाती के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यभार प्रयोग में लाए जाते है। किन्हीं पाँच कार्यभारों पर विस्तार से लिखो।

(c) आपके कार्यभार पर एक दुर्घटना हो जाती है। आपको उसकी रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया है। वह दस बातें जो आप-अपनी रिपोर्ट में शामिल करेंगे उन्हे लिखो।

(d) आगन्तुक की श्रेणी में किन-किन लोगों को शामिल किया गया है। तथा सुरक्षा कर्मी उनसे किस प्रकार का बर्ताव करेगा ? वर्णन करें।

(e) परंपरागत प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने के तरीके कौन-कौन से है। विस्तार से लिखो।